तीन मई को विक्रमशिला सेतु का स्लैब गिरने से ठप था आवागमन

बेली ब्रिज का आज होगा उद्घाटन अभी छोटे वाहनों का होगा परिचालन

- पथ निर्माण मंत्री इं शैलेंद्र सुबह 10 बजे करेंगे उद्घाटन

वरीय संवाददाता, भागलपुर

विक्रमशिला सेतु पर बने बेली ब्रिज का उद्घाटन रविवार को सुबह 10 बजे होगा. इसके साथ ही छोटे वाहनों का परिचालन शुरू हो जायेगा. तीन मई की रात अचानक विक्रमशिला सेतु का स्लैब गंगा में गिर जाने के कारण आवागमन ठप हो गया था. लोग नावों व जहाजों से गंगा पार कर रहे हैं. स्लैब गिरने के बाद बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की टीम लगातार बेली ब्रिज बनाने का काम कर रही थी. सेतु के ऊपर चार बेली ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है. शनिवार को ट्रायल के बाद डीएम डॉ नवलकिशोर चौधरी ने रविवार को पुल चालू करने की घोषणा की. जिला आपदा प्रबंधन शाखा के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने बताया कि विक्रमशिला सेतु पर बने बेली ब्रिज का उद्घाटन बिहार के पथ निर्माण मंत्री इं शैलेंद्र रविवार को सुबह 10 बजे करेंगे.

विक्रमशिला सेतु पर बने बेली ब्रिज का निरीक्षण करते पथ निर्माण मंत्री शैलेंद्र.

छूटे काम को मिला फाइनल टच : डीएम डॉ नवलकिशोर चौधरी शनिवार को बेली ब्रिज के निर्माण में लगे बीआरओ के पदाधिकारी व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ बेली ब्रिज पर चले. खुद ट्रायल में शामिल हुए. क्रिमशिला सेतु पर निर्मित बेली ब्रिज के छूटे कार्यों को शनिवार को फाइनल टच मिला. आमलोगों के आवागमन व वाहनों के परिचालन के लिए रविवार को बेली ब्रिज को समर्पित कर दिया जायेगा.

चारों बेली ब्रिज जनता को होंगे समर्पित : इ शैलेंद्र

पटना. पथ निर्माण मंत्री इ शैलेंद्र ने कहा है कि रविवार को सुबह 10 बजे चारों बेली ब्रिज जनता को समर्पित कर दिये जायेंगे. स्लैब क्षतिग्रस्त होने के दिन ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मामले का संज्ञान लिया. उन्होंने बिना किसी देरी के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात कर आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया. इसके बाद राज्य सरकार, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयास से रिकॉर्ड समय में बेली ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया गया.